# न्यायालय, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, चास।

(1)

**द0प्र0सं0 की धारा 107 के अन्तर्गत कार्यवाही**

**एम0पी0 वाद संख्या–......165......../2023**

**प्रथम पक्ष** :–1. झारखण्ड सरकार द्वारा पुलिस निरिक्षक सह थाना प्रभारी चास (मु0)थाना जिला बोकारो।

**–: बनाम् :–**

**द्वितीय पक्ष** :– 1. दिवाकर सिंह पिता श्याल लाल सिंह 2. भरत गोप पिता दिलीप गोप दोनों सा0 कुम्हरी 3. अमर चक्रवर्ती पिता मनी चक्रवर्ती सा0 काला पत्थर 4. एनुल अंसारी पिता कलाम अंसारी 5. शंकर रजक पिता स्व0 हराधन रजक पिता स्व0 हराधन रजक 6. संजय गोप पिता गोपी गोप 7. विशाल भोक्ता पिता स्व0 हारू भोक्ता सा0 टुधरी 8. संतोष झा पिता राखाल झा सा0 चामसोबाद 9. देवाशिष रविदास पिता चेतन रविदास सा0 कालापत्थर 10. शिव प्रसाद दास पिता स्व0 मनभुल दास 11. हारण शर्मा पिता वकील शर्मा दोनों सा0 डुमरजोर, सभी सा0 चास (मु0) जिला बोकारो।

## कार्यवाही

चास मु0 थाना अप्राथमिकी संख्या 09/23 जो पुलिस निरीक्षक चास मु0 अंचल बोकारो के माध्यम से अग्रसारित होकर इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है, का अवलोकन किया गया।

उपर्युक्त प्रतिवेदन के अवलोकन से यह ज्ञात होता है कि द्वितीय पक्षों द्वारा **होली पर्व 2023 के अवसर पर सम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न कर विधि व्यवस्था/** शांति–व्यवस्था भंग होने की आशंका है। परिणामस्वरूप संबंधित पुलिस पदाधिकारी ने द्वितीय पक्षों के विरूद्ध द0प्र0सं0 की धारा 107 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा कार्यवाही करने हेतु अनुशंसा की है ताकि शान्ति–व्यवस्था बनाया जा सके।

अतः उपर्युक्त पुलिस प्रतिवेदन से संतुष्ट होकर द्वितीय पक्षों के विरूद्ध धारा 107 द0प्र0सं0 की कार्यवाही प्रारम्भ करता हूँ। द्वितीय पक्ष को यह निदेश देता हूँ कि दिनांक..................को पूर्वाह्न 11.00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर कारण–पृच्छा यदि कोई हो तो अर्पित करें कि क्यों नहीं एक वर्ष तक शांति बनाये रखने के लिए 5,000.00 (पाँच हजार) रूपये का बन्ध–पत्र समतुल्य राशि को दो प्रतिभुतियों के साथ अर्पित करने का आदेश दिया जाय।

6.3.23

अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
चास।

| ... क्रम संख्या और तारीख | आदेश और पदाधिकारी के हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कारवाई के बारे में टिप्पणी तारीख ग्रहित |
|---|---|---|
| 11.3.23 | Care forward for maintanence of peace during Holi Celebrations.<br>Holi has finished. Hence proceeding dropped.<br>[signature] 11/3/23<br>dictated & Corrected. | |

Digitally signed by PRANJAL DHANDA
Date: 2025.05.09 11.44.02 +05:30
Location: 192.168.1.33